

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–231/2026

राज्यपाल ने इन्फैंट्री दिवस पर शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

पटना 27 अक्टूबर, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने इन्फैंट्री दिवस के अवसर पर बिहार रेजिमेंटल सेंटर, दानापुर में पुष्पचक्र अर्पित कर देश की रक्षा में अपने प्राणों का आहूति देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य, साहस और बलिदान की गौरवशाली परंपरा को याद किया।

राज्यपाल ने कहा कि 27 अक्टूबर, 1947 को भारतीय सेना की पहली टुकड़ी हवाई मार्ग से श्रीनगर पहुँची थी। इस अभियान ने कश्मीर को कबायली हमलावरों से बचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 4 कुमाऊं बटालियन के मेजर सोमनाथ शर्मा की वीरता को याद करते हुए कहा कि बाँह में फ्रैक्चर होने के बावजूद उन्होंने बहादुरी से दुश्मनों का मुकाबला किया और देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

राज्यपाल ने इन्फैंट्री दिवस को वीरता, बलिदान और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया। यह दिन देश की रक्षा में शहीद हुए सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर है।

उन्होंने सेवारत और पूर्व सैनिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनके अनुभव और संस्मरण युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों से अपने सैन्य अनुभव स्कूलों, कॉलेजों और एनसीसी संस्थानों में युवाओं के साथ साझा करने की अपील की, ताकि नई पीढ़ी सेना के बलिदान और देश के प्रति कर्तव्य को बेहतर ढंग से समझ सके।

इस अवसर पर सैन्य अधिकारी, जवान, पूर्व सैनिक, एनसीसी कैडेट, अग्निवीर और अन्य लोग उपस्थित थे।

.....